# शहर के सफाई मित्रों का किया सम्मान, सीएम ने संग बैठकर किया भोजन

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया 'स्वच्छता महागुरु' लोगो का विमोचन
- स्वच्छ वार्ड व पार्षद सम्मानित, जीरो वेस्ट ज़ू का शुभारंभ

**इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को शहर में आयोजित स्वच्छता कर्मवीर सम्मान समारोह में साफ संदेश दिया कि स्वच्छता से ही समृद्धि का मार्ग खुलता है. बीसीसी में हुए इस भव्य आयोजन में उन्होंने न केवल सफाई कर्मवीरों का सम्मान किया बल्कि उनके साथ जमीन पर बैठकर भोजन भी किया.**

इस भावनात्मक क्षण ने पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया और मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि इंदौर की स्वच्छता में सफाई मित्र ही असली नायक हैं. उन्होंने कहा कि इंदौर ने लगातार आठ बार देश में स्वच्छता में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रचा है. इसके लिए 36 लाख नागरिकों और विशेष रूप से सफाई मित्रों का योगदान सराहनीय है. मुख्यमंत्री ने इस दौरान 'स्वच्छता का महागुरु' लोगो का विमोचन भी किया और सफाई कर्मवीरों को शहर की उपलब्धियों का आधार बताया. कार्यक्रम में स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के अंतर्गत वार्ड 13 को प्रथम, वार्ड 3 को द्वितीय और वार्ड 32 को तृतीय पुरस्कार मिला. पार्षद श्रेणी में योगेश गेंदर प्रथम, पराग कौशल द्वितीय और राजीव जैन तृतीय रहे. सफाई मित्रों, सुपरवाइजर्स और




वर्कशॉप टीमों को भी सम्मानित किया. समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 60 करोड़ रुपए की लागत से खरीदी गई 50 नई इलेक्ट्रिक एसी बसों का लोकार्पण किया. उन्होंने बताया कि इंदौर को कुल 150 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी, इनमें डिजिटल पेमेंट की सुविधा होगी. मुख्यमंत्री ने खुद बस में सवार होकर सुरक्षा व्यवस्था, जीपीएस, सीसीटीवी और पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का जायजा भी लिया. उन्होंने कहा कि सड़क, रेल और हवाई मार्ग के विस्तार से इंदौर की कनेक्टिविटी देश के चारों कोनों तक मजबूत हो रही है.

**रणजीत हनुमान मंदिर के पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन** - इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रणजीत हनुमान मंदिर के पुनर्विकास कार्यों का वर्चुअल भूमिपूजन भी किया. सात करोड़ रुपए की लागत से मंदिर परिसर में भव्य द्वार, शेड, पाथवे, उद्यान और बाउंड्री वॉल विकसित किए जाएंगे. उन्होंने कहा कि रणजीत हनुमान मंदिर से हमें हर क्षेत्र में विजय की प्रेरणा मिलती है और इसका पुनर्विकास श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा. वहीं मुख्यमंत्री ने देश के पहले जीरो वेस्ट ज़ू का शुभारंभ भी किया और कहा कि इंदौर न केवल स्वच्छता में बल्कि नवाचार में भी देश का नेतृत्व कर रहा है.

**नवाचार में तेजी से काम कर रहा शहर: महापौर**-महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर की लगातार सफलता का कारण नागरिकों की भागीदारी और सफाई मित्रों की अथक मेहनत है. उन्होंने बताया कि अब शहर कपड़े से कपड़ा, प्लास्टिक से फ्यूल और डिजिटल नवाचार की दिशा में तेजी से काम कर रहा है

### सम्मानित हुए वार्ड, पार्षद और सफाई मित्र

स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता में प्रथम- वार्ड 13, द्वितीय- वार्ड 03, तृतीय- वार्ड 32. स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ पार्षद रहे प्रथम योगेश गेंदर, द्वितीय पराग कौशल और तृतीय राजीव जैन. सम्मानित सफाई मित्र- कमला नत्थु रानवे, गुरदीप करतार, सुमन अशोक, मनोज दिलीप सिंह, प्रहलाद लक्ष्मण. इनके साथ ही सुपरवाइजरों को भी सम्मानित किया जिनमें विशाल कटारे, गगन मालवीय, नरेश जाधव, दिनेश मातादीन, संजय हरिश शामिल थे. इसके अलावा मुख्यमंत्री ने वर्कशॉप टीम को भी सम्मानित किया जिसमें मनीष पांडे, भूपेन्द्र सिंह, आशुतोश यादव एवं उनकी टीम शामिल थी.

## एक नजर में

### कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट में बाज़ार से 3 गुना तेज़ वृद्धि

इंदौर. रिलायंस रिटेल ने कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को मज़बूत करते हुए उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है। रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की वार्षिक आम बैठक में निदेशक ईशा अंबानी ने कहा कि कंपनी ने इस सेगमेंट में बाज़ार की तुलना में तीन गुना तेज़ी से वृद्धि की है. ईशा अंबानी ने कहा कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में हमने बाज़ार से तीन गुना तेज़ वृद्धि दर्ज की है. हमारा रेसक्यू आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्क अब 300 से अधिक शहरों में संचालित हो रहा है. वहीं केल्विनेटर आईपी का अधिग्रहण हमारे कंज़्यूमर ड्यूरेबल्स पोर्टफोलियो को और मज़बूत करता है. इलेक्ट्रॉनिक्स में यह वृद्धि रिलायंस रिटेल के भारत भर में 19,340 स्टोर्स और जियोमार्ट के माध्यम से डिजिटल एकीकरण द्वारा समर्थित है, जो छोटे शहरों में भी तेज़ डिलीवरी और निर्बाध ग्राहक अनुभव प्रदान करता है. रिलायंस डिजिटल और मायजियो स्टोर्स प्रमुख टचपॉइंट के रूप में काम करते हैं, जो उपभोक्ताओं को उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला, प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण और मज़बूत बिक्री-पश्चात सहायता प्रदान करते हैं.

### फ्लाइट के साथ जुड़ीं सान्या मल्होत्रा

इंदौर. रिलैक्सो फुटवेयर्स लिमिटेड के भारत के मशहूर फैमिली फैशन फुटवेअर ब्रांड, फ्लाइट ने बॉलीवुड एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है. इसके साथ ही, ब्रांड ने त्यौहार और शादी के सीज़न के लिए नई डिज़ाइन्स की शानदार रेंज भी लॉन्च की है, ताकि लोग हर मौके पर स्टाइलिश अंदाज़ अपना सकें. रिलैक्सो फुटवियर्स लिमिटेड के होलटाइम डायरेक्टर गौरव कुमार दुआ ने कहा, हम सान्यामल्होत्रा का फ्लाइट परिवार में बतौर नई ब्रांड एंबेसडर स्वागत करते हैं. इस वर्ष हम एक ऐसा शानदार और युवाओं के अनुकूल कलेक्शन ला रहे हैं, जो सान्या की पर्सनैलिटी से पूरी तरह मेल खाता है. वे आज के भारत, यानि युवा, महत्वाकांक्षी और डिज़ाइन के प्रति सजग लोगों की भावना का प्रतिनिधित्व करती हैं. सान्या के ब्रांड एंबेसडर बनने और हमारे नए कैंपेन के साथ, हम सर उठा कदम बढ़ा% को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं, ताकि भारत का हर कदम आत्मविश्वास और स्टाइल से भरा हो.

### वी ने इंदौर में लॉन्च की 5जी सर्विसेज़

इंदौर. दूरसंचार सेवा प्रदाता वोडाफोन आइडिया (वी) ने इंदौर में अपनी 5जी सर्विसेज़ का लॉन्च कर दी है. यह विस्तार वी की योजनाओं के मुताबिक कई शहरों में 5जी रोलआउट के तहत किया गया है, जिसके तहत 17 प्रायोरिटी सर्कल्स को कवर किया जाएगा, जहां वी ने 5जी स्पेक्ट्रम का अधिग्रहण किया है. इंदौर वी की नेक्स्ट जेन कनेक्टिविटी का लाभ उठाने वाला मध्य प्रदेश का पहला शहर बन गया है. इंदौर में वी के यूज़र, जिनके पास 5जी इनेबल्ड डिवाइसेज़ हैं, वे 5जी सर्विसेज़ का लाभ उठा सकते हैं. लॉन्च पर कविता नाडकर्णी, बिज़नेस हेड- मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़, वोडाफोन आइडिया ने कहा हम इंदौर में वी 5जी का लॉन्च कर रहे हैं, हमें खुशी है कि हम मध्य प्रदेश में कनेक्टिविटी का भविष्य लेकर आए हैं. हमारी सशक्त 4जी सर्विसेज़ के अलावा नेक्स्ट-जेन 5जी के साथ हम अपने यूज़र्स को अधिक विकल्प और बेहतर अनुभव प्रदान करना चाहते हैं. इंदौर में यूज़र्स को 5जी का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए वी ने एरिकसन के साथ साझेदारी की है. इंटरोडक्टरी ऑफर के तहत वी रु 299 से शुरू होने वाले प्लान्स पर अनलिमिटेड 5ज डेटा भी लेकर आया है.



### बजाज फाइनेंस का साइबर धोखाधड़ी जागरूकता अभियान

इंदौर. भारत की सबसे बड़ी निजी क्षेत्र की नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी और बजाज फिनसर्व का हिस्सा बजाज फाइनेंस लिमिटेड (बीएफएल) ने आज मध्यप्रदेश के इंदौर में नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड नामक साइबर धोखाधड़ी जागरूकता अभियान आयोजित किया. डिजिटल उपयोगकर्ताओं को विभिन्न खतरों के बारे में जानकारी देना और खुद की सुरक्षा के सही तरीके समझाना इस कार्यक्रम का उद्देश्य था. कार्यक्रम में साइबर क्राइम विभाग के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश डंडोतिया ने कहा साइबर क्राइम आज समाज के सामने सबसे बड़ी चुनौती है. जिस तरह हम अपना शहर साफ-सुथरा रखते हैं, उसी तरह हमें डिजिटल दुनिया को भी स्वच्छ और सुरक्षित बनाने का संकल्प लेना होगा. इंदौर को साइबर अपराध रोकथाम में आदर्श शहर बनना चाहिए. निवृत्त न्यायमूर्ति विष्णुशंकर सोनी ने कहा साइबर क्राइम केवल तकनीकी खतरा नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती भी है. कानून अपराधियों को सजा दे सकता है, लेकिन असली सुरक्षा की पहली दीवार है- जागरूकता.

### वोब्बल डिस्प्लेज़ ने सबसे बड़ा टेलीविज़न बनाया

इंदौर. इंडकल टेक्नोलॉजीस के इनहॉउस तकनीकी ब्रांड वोब्बल डिस्प्लेज़ ने भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता टेलीविज़न में नया ही बेंचमार्क सेट करते हुए मैक्सिमस सीरीज़ 116.5-इंच गूगल टीवी 5.0 को पेश करने की घोषणा की। यह तकनीकी चमत्कार अन्य ब्रांड्स से कहीं आगे है और (वास्तव में) वोब्बल डिस्प्ले की डिस्प्ले तकनीकी के क्षेत्र में रिसर्च और इन्नोवेशन की ताकत का नजारा दिखा रहा है. इंडकल टेक्नोलॉजीस के सीईओ, आनंद दुबे ने कहा भारतीय कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए आज एक ऐतिहासिक पल है. मैक्सिमस सीरीज़ 116.5-इंच सिर्फ़ अब तक भारत का सबसे बड़ा टीवी ही नहीं है, बल्कि यह हमारे विज़न का एक प्रमाण है जिसने भारतीय उपभोक्ताओं के लिए नए स्टैंडर्ड बना दिए हैं और उनके विज़ुअल और ऑडियो अनुभव में एक अलग लेवल का सुधार कर दिया है. हम सिर्फ़ एक नया प्रोडक्ट पेश नहीं कर रहे हैं बल्कि हम दुनिया के सबसे एडवांस सिनेमा अनुभव को कड़ी टक्कर देते हुए होम एंटरटेनमेंट के एक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं.

### मारुति सुज़ुकी ने लॉन्च की ऑल-न्यू विक्टोरिस

इंदौर. भारतीय एसयूवी सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हुए, मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड ने अपनी नवीनतम एसयूवी विक्टोरिस लॉन्च की. नए मानक स्थापित करने के उद्देश्य से तैयार की गई विक्टोरिस हाइपर-कनेक्टेड टेक्नोलॉजी, ऑल-राउंड सेफ़्टी, भविष्यवादी और स्लीक डिज़ाइन तथा रोमांचक परफ़ॉर्मेंस का संगम है, जो वास्तव में एक ऐसी एसयूवी है जिसमें है 'गॉट इट ऑल'. पेट्रोल विद स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड, ऑलग्रिप सेलेक्ट (4×4) और सेगमेंट-फर्स्ट अंडरबॉडी टैंक डिज़ाइन वाली पर्यावरण-हितैषी एस-सीएनजी टेक्नोलॉजी के साथ उपलब्ध, विक्टोरिस आज के डायनामिक युवाओं के लिए व्यापक पावरट्रेन विकल्प प्रदान करती है. विक्टोरिस का परिचय कराते हुए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हिसाशी ताकेउचि ने कहा विक्टोरिस एक लैटिन शब्द है जिसका अर्थ है 'विजेता'. हमें विश्वास है कि विक्टोरिस अपनी हाई-टेक्नोलॉजी, स्लीक डिज़ाइन, स्मार्ट और कनेक्टेड फीचर्स, 5-स्टार स्तर की सुरक्षा और बहुविध पर्यावरण-हितैषी पावरट्रेन विकल्पों के साथ भारत में लोगों का दिल जीत लेगी. सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एवं सेल्स पार्थो बनर्जी ने कहा नई पीढ़ी के ये युवा ग्राहक महत्वाकांक्षी हैं, हाइपरकनेक्टेड हैं और अनुभवात्मक जीवनशैली को महत्व देते हैं. ऑल-न्यू विक्टोरिस इसी बदलाव का हमारा जवाब है, डिज़ाइन, टेक्नोलॉजी और वर्सेटिलिटी का एक प्रगतिशील संगम.

# इंदौर नगर निगम और आईएफसी के बीच 1700 करोड़ लोन राशि का एमओयू

- संस्था से अमृत प्रोजेक्ट, नया निगम भवन और ब्रिज निर्माण ओर वर्कशॉप के लिए लोन पर सहमति
- साथ ही संस्था करेगी इन विकास कार्यों के लिए तकनीकी मदद




**इंदौर. नगर निगम इंदौर और इंटरनेशनल फाइनेंस कार्पोरेशन (आईएफसी) के बीच 1700 करोड़ रुपए के लोन के लिए एमओयू साइन हुआ. यह समझौता अमृत योजना के चतुर्थ चरण, धार रोड पर बनने वाले चंदन नगर चौराहे के ब्रिज, नया नगर निगम बिल्डिंग, और वर्कशॉप निर्माण जैसे विकास कार्यों को गति देगा.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की उपस्थिति में आईएफसी की ओर से मोहित बनेडीवाला और विक्टोरिया डेलमेन ने तथा निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने एमओयू पर हस्ताक्षर कर दस्तावेज़ों का आदान-प्रदान किया.

**2200 करोड़ तक विस्तारित अमृत योजना**-महापौर ने बताया कि प्रारंभ में अमृत योजना केवल 1100 करोड़ रुपए की थी, लेकिन भविष्य की ज़रूरतों को देखते हुए इसका दायरा बढ़ाकर लगभग 2200 करोड़ रुपए तक किया गया है. इनमें से 1200 करोड़ अमृत प्रोजेक्ट के लिए और 500 करोड़ नए निगम भवन, चंदन नगर ब्रिज और वर्कशॉप बनाने के लिए उपयोग होंगे.

**बिना गारंटी मिला 1700 करोड़ का लोन**-महापौर भार्गव ने कहा यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि बिना किसी गारंटी और कोलेट्रल के, केवल नगर निगम की क्षमता के आधार पर हमें 1700 करोड़ रुपए का लोन मिला है. आईएफसी का सहयोग केवल वित्तीय लोन देना ही नहीं है, बल्कि तकनीकी स्तर पर भी सहयोग करेगी जो इंदौर के विकास में मार्गदर्शक साबित होगा.

### दीर्घकालिक जल आपूर्ति योजना

महापौर ने आगे कहा कि नर्मदा जल योजना का चौथा चरण 2045 तक इंदौर की ज़रूरतों को पूरा करेगा और 2055 तक जल आपूर्ति क्षमता को सुनिश्चित करेगा. इसे इंदौर के विकास के लिए भविष्य का मील का पत्थर बताया गया. अंत में उन्होंने आईएफसी टीम का स्वागत करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब किसी भारतीय शहर को इतने बड़े लोन की राशि बिना किसी गारंटी के देने के लिए आपसी सहमति हुई है. हम आशा करते हैं कि आप भविष्य में भी इन परियोजनाओं की प्रगति देखने इंदौर आते रहेंगे.

# बच्चों को सही दिशा में परिवर्तित कराना, समाज के सामने चुनौती

## नई शिक्षा नीति के किर्यान्वयन में आ रही कठिनाइयों को लेकर चर्चा हुई

**इन्दौर. मोबाइल एवं एआई के बढ़ते प्रभाव के कारण विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति एवं व्यवहार में तेजी से परिवर्तन आ रहे हैं. बच्चों में पढ़ाई के प्रति अरुचि जैसी परिस्थितियों बढ़ती जा रही है. अतः शिक्षकों, पालकों सहित समाज के सामने चुनौती बढ़ रही है कि बच्चों को सही दिशा में कैसे परिवर्तित करें.**




उक्त बातें आज जाल सभागृह में डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों पर चर्चा करते हुए विभिन्न शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कही. विषय का प्रवर्तन करते हुए डेवलपमेंट फाउंडेशन के प्रबंध ट्रस्टी आलोक खरे ने कहा कि, संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों ,शिक्षण संस्थानों एवं शिक्षाविदों के सहयोग से एक प्रारूप तैयार कर केंद्र सरकार एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सुझाव दिए गए थे, अब शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आ रही कठिनाइयों एवं बच्चों के मनोविज्ञान को लेकर समझ बढ़ाने की जरूरत है. सहोदय ग्रुप की सचिव वरिष्ठ शिक्षाविद सुमन कोचर ने कहा कि स्कूल और शिक्षक बच्चों के मनोविज्ञान को नहीं बदल सकते. इसके लिए पालक, परिवार एवं समाज में सोच बदलने की जरूरत है. हमारे सामने चुनौती है कि, बच्चों को सही दिशा में कैसे परिवर्तन करें. रंजना नाईक ने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू होने के बाद, बच्चों में लिखने एवं पढ़ने की प्रवृत्ति कम होती जा रही है. कोचिंग संस्थानों के कारण बच्चे, स्कूल में पढ़ाई की ओर कम ध्यान दे रहे हैं एवं बच्चों में तनाव बढ़ रहा है. बैठक की अध्यक्षता करते हुए डॉ ओ पी जोशी ने कहा कि बच्चों में पढ़ाई ,सरलता के बजाय बोझ बढ़ा रही है. व्यावहारिक एवं सरल तरीके से शिक्षा देने की जरूरत है. बैठक में अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, श्याम पांडे , शफी शेख ने भी अपने विचार रखें. इस अवसर पर उमा झवर, प्रणिता दीक्षित, अशोक मित्तल आदि भी उपस्थित थे. संचालन कंचन तारें ने किया श्याम पांडे ने आभार माना.

### व्यवहारिक ज्ञान ज्यादा देने की जरूरत

शिक्षाविद अशोक भागवत ने कहा कि स्कूलों में बच्चों के नियमित आने की प्रवृत्ति में कमी आ रही है. नियमित कक्षा में आने वाले विद्यार्थी अपेक्षाकृत ज्यादा कुशाग्र बुद्धि के बन रहे हैं. जगदाले स्कूल के प्राचार्य जगदीश परिहार ने कहा कि बच्चों में छिपी प्रतिभा को आगे बढ़ाने एवं संवारने में सहयोगी बने, उन पर अपने विचार थोपे नहीं. पत्रकार नेहा जैन ने कहा कि नई शिक्षा नीति बहुत अच्छी है किंतु क्रियान्वयन में बहुत कठिनाई आ रही है. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कंप्यूटर साइंस की डॉ माया इंगले ने कहा कि बुनियादी समझ बढ़ाने की जरूरत है तथा बच्चों में किताबी ज्ञान की अपेक्षा व्यवहारिक ज्ञान ज्यादा देने की जरूरत है. इस्लामिया करिमिया कॉलेज के प्रो असद खान ने कहा कि वर्तमान दौर में स्कूल कॉलेज में विद्यार्थियों पर कंट्रोल करना अब मुश्किल हो रहा है. हमें पढ़ाने के तरीके बदलने होंगे. उद्योगपति एवं डेवलपमेंट फाउंडेशन की ट्रस्टी मनोहर देव ने कहा कि देश की शिक्षा पद्धति एवं शिक्षा नीति ऐसी हो, जो देश के विकास के लिए जरूरी एवं महत्वपूर्ण हो.

# अग्रसेन जयंती मुख्य जुलूस की स्पर्धाओं की कमान संभालेंगी मातृशक्ति

## अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति द्वारा महिला संगठनों की बैठक में लिए गए अनेक निर्णय

**इंदौर. श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति की मेजबानी में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती के उपलक्ष्य में 22 सितम्बर को शाम 5 बजे राजबाड़ा से निकाले जाने वाले जुलूस के दौरान बच्चों, युवतियों और महिलाओं के लिए विभिन्न दिलचस्प स्पर्धाएं भी होंगी. बच्चों के लिए फेंसी ड्रेस, युवतियों और महिलाओं के लिए कलश तथा महिलाओं के लिए सजी-धजी स्पर्धाएं जुलूस के दौरान ही होंगी, जिनकी सभी व्यवस्थाएं महिलाएं ही संभालेंगी. जुलूस के दौरान कुलदेवी महालक्ष्मी की पालकी को सजाने और उसमें कुलदेवी को विराजित कर अपने हाथों से खींचकर चिमनबाग तक ले जाने का जिम्मा भी मातृशक्ति को सौंपा गया है.**




केन्द्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल एवं अध्यक्ष प्रेमचंद गोयल के मार्गदर्शन में स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन पर शहर के प्रमुख महिला संगठनों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें केन्द्रीय समिति के प्रमुख प्रभारी गणेश गोयल, सभी पूर्व अध्यक्ष एवं महिला संगठनों की पदाधिकारियों ने शामिल होकर जुलूस की व्यवस्थाओं पर विचार-मंथन किया. बैठक में मुख्य रूप से सूरज देवी बंसल, तृप्ति गोयल, राधा अग्रवाल, पुष्पा गुप्ता, वर्षा बंसल, स्वाति गोयल, प्रज्ञा अग्रवाल, अनामिका अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, राधा देवी मित्तल, शशि ऐरन, पूर्व पार्षद शोभा रामदास गर्ग एवं मीना अग्रवाल, अनिता गुप्ता, गायत्री मित्तल, आभा अग्रवाल, संगीता गुप्ता, शीतल अग्रवाल एवं श्वेता मंगल सहित अनेक मातृशक्ति ने सुझाव भी दिए और जुलूस के दौरान विभिन्न व्यवस्थाएं संभालने का संकल्प भी व्यक्त किया. बैठक में केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष सर्वश्री राम ऐरन, पी.डी. अग्रवाल, कुलभूषण कुक्की, विष्णु बिंदल, संतोष गोयल, किशोर गोयल, संजय बांकड़ा, अरविंद बागड़ी, गोविंद सिंघल एवं राजेश बंसल भी मौजूद थे.

### अलग-अलग समितियां गठित

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि प्रत्येक स्पर्धा के लिए अलग-अलग समितियां गठित की जाएंगी, जो स्पर्धा के नियमों से लेकर संचालन तक की जिम्मेदारियां संभालेंगी. इसी तरह प्रत्येक स्पर्धा के लिए निर्णायक मंडल का गठन भी महिलाओं की समिति ही करेगी और जुलूस के तत्काल बाद चिमनबाग मैदान पर आयोजित सामाजिक सम्मेलन में नतीजों की घोषणा कर अतिथियों के हाथों विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा. सभी समितियों की नियमित बैठकों का सिलसिला 20 सितम्बर तक जारी रहेगा.




# रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल ने चार शिक्षकों को सम्मानित किया

**इंदौर.** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी क्लब ऑफ इंदौर सेंट्रल द्वारा चार शिक्षकों का सम्मान किया गया. उषागंज स्थित महादेवी पुस्तकालय सभागार में आयोजित समारोह के अतिथि प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक वीरेंद्र नानावटी थे.

इस मौके पर नानावटी ने कहा कि जब अरब और अधिकांश यूरोप खानाबदोश जीवन जी रहा था, तब हमारे यहां नालंदा, तक्षशिला और विक्रमशिला जैसे विश्वविद्यालय थे. पच्चीसों अध्यापन प्रभागों में दुनिया भर के विद्यार्थी अध्ययनरत थे. लेकिन जब से हमने चाणक्य जैसे आचार्यों को छोड़कर सत्ता के गमलों में उगे बौनों और सिंहासनों को पूजना शुरू कर दिया. हमारा पतन प्रारंभ हो गया. स्वागत उद्बोधन में संस्था अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र दिल्लीवाल ने कहा कि रोटरी क्लब सितम्बर माह को शिक्षा, सृजन, संस्कार के बहु आयामी उद्देश्य के साथ मना रहा है. इसी क्रम में शिक्षक संजीता कौर भाटिया सहित नीता काटेकर, संगीता महेशराम, पंकज पंचोली का सम्मान मोतियों की माला और मोमेन्टो से किया गया. संचालन सुधींद्र मोहन शर्मा ने किया. आभार क्लब सचिव पुरुषोत्तम वाघमारे ने माना. इस मौके पर रमेश तिवारी, सोहनलाल पारिख, हर्षवर्धन लिखिते, आशित राज कोटिया, डॉ. गुर्जर, महेश अग्रवाल, चंद्रमोहन विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

# इंदौर में अमेज़न ने फुलफिलमेंट सेंटर किया शुरू

**इंदौर. अमेज़न** ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से पहले, अमेज़न इंडिया घर, किचन और आउटडोर, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन, किराना और अन्य उच्च-विकास श्रेणियों में बढ़ती ग्राहक मांग को पूरा करने के लिए तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश में अपना इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करते हुए, अमेज़न इंडिया ने इंदौर में एक नया फुलफ़िलमेंट सेंटर और एक सॉर्ट सेंटर शुरू करके अपना ऑपरेशंस नेटवर्क बढ़ाया है, जिससे स्थानीय विक्रेता ग्राहकों तक तेज़ी से पहुंच पाएंगे और क्षेत्र में सैकड़ों नई नौकरियां भी पैदा होंगी.




अमेज़न इंडिया के डायरेक्टर सेल्स गौरव भटनागर ने कहा, त्योहारी सीज़न से पहले, ग्रेट इंडियन फ़ेस्टिवल भारत के छोटे व्यवसायों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास क्षण बन गया है, जो साल-दर-साल हमारे विक्रेता पार्टनर्स के लिए अवसर पैदा करता है. 67,000 से अधिक विक्रेताओं और जीवंत एमएसएमई क्षेत्र के साथ, मध्य प्रदेश इस यात्रा का अहम हिस्सा है. ये विक्रेता पर किचन, होम, कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, ब्यूटी और परिधान जैसी श्रेणियों में कारोबार कर रहे हैं। अमेज़न में, हम मानते हैं कि जब हमारे विक्रेता सफल होते हैं, तो हम सफल होते हैं. अपनी पहलों और हालिया फ़ीस कटौती के माध्यम से, हम राज्य के उद्यमियों को आसानी से और कम लागत पर त्योहारी तैयारियां करने में सक्षम बना रहे हैं. आज, वस्त्र और हस्तशिल्प से लेकर नए दौर के उत्पादों तक, एमपी के विक्रेता अब भारत के सौ प्रतिशत सर्विसेबल पिन कोड्स तक पहुंच बना रहे हैं.

सम्मान | 107 शिक्षकों का किया सम्मान, लायंस इंटरनेशनल की मेजबानी में आयोजन

# पूरे राष्ट्र और समाज का भविष्य संवारते हैं शिक्षक

**इंदौर. समाज और राष्ट्र की खुशहाली और समृद्धि में हमारी शिक्षा व्यवस्था और शिक्षा से जुड़े संस्थानों का महत्वपूर्ण योगदान है. शिक्षक केवल एक बालक का ही नहीं, पूरे राष्ट्र और समाज का भविष्य संवारते हैं. आज के बालक ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं. यदि उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है तो निश्चित ही देश और दुनिया में ऐसे अनेक सितारों को शिक्षक जमीं पर उतार सकते हैं. शिक्षक वह शक्ति है, जो राष्ट्र को अज्ञान के अंधकार से बाहर लाकर एक नई और संस्कारित पीढ़ी को रोशन करता है.**



ये विचार हैं अतिथियों के, जो उन्होंने गुरुवार को शिक्षक दिवस की पूर्व बेला में साऊथ तुकोगंज स्थित जाल सभागृह में लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रीक्ट 3233 जी-1 रीजन-3 की मेजबानी में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में व्यक्त किए. लायंस के गेट वाइस एरिया लीडर डॉ. कुलभूषण मित्तल कुक्की के मुख्य आतिथ्य, डिस्ट्रीक्ट गवर्नल अनिल खंडेलवाल के विशिष्ट आतिथ्य और जयप्रकाश त्रिपाठी, राम जाट, विश्व ब्राह्मण समाज संघ के अध्यक्ष पं. योगेन्द्र महंत, वेदमूर्ति पं. गोपाल जोशी एवं मुंबई के समाजसेवी नरेन्द्र जोशी के विशेष आतिथ्य में इस अवसर पर राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त 2, साहित्य के क्षेत्र में पुरस्कृत 2, दृष्टिहीन छात्रों को शिक्षित एवं प्रशिक्षित करने वाले 20, तंग बस्तियों के 12, ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों के 10, सरकारी स्कूलों के 10 तथा 2 दिव्यांग शिक्षकों सहित 107 शिक्षकों को अतिथियों ने साल-श्रीफल एवं अन्य उपहार भेंटकर सम्मानित किया.

### शिक्षक दिवस की महत्ता बताई

प्रारंभ में कार्यक्रम की सूत्रधार लायंस रीजन-3 की चेयर पर्सन ला. मंजू मंडलोई ने अपने स्वागत उदबोधन में शिक्षक दिवस की महत्ता और आयोजन की रूपरेखा बताई. शुभारंभ गणेश वंदना पर अर्चना पुरोहित द्वारा नृत्य के साथ हुआ. अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर इस गरिमापूर्ण समारोह का श्रीगणेश किया. अतिथियों का स्वागत लायंस रीजन-3 की चेयर पर्सन मंजू मंडलोई एवं रिचा वाधवानी, मंजूलता श्रीवास्तव, आशमा मल्होत्रा एवं अंशु दुबे ने किया। मंच का संचालन संजय डिंगडांग एवं ऋचा वाधवानी ने किया। ध्वज वंदना एवं राष्ट्रगान की प्रस्तुति ला. प्रीति जैन ने दी. कार्यक्रम में शहर के सभी प्रमुख लायंस एवं लायनेस संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.